लोकहितार्थं सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

# प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) का कार्यालय
## ओडिशा : भुवनेश्वर
## OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (Audit-I)
## Odisha: Bhubaneswar

परिपत्र सं./Circular No. 82

दिनांक/Date-23/02/2026

## परिपत्र / Circular

विषय/ Subject: केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किए जाने वाले गहन हिंदी कार्यशालाओं में प्रतिभागिता हेतु नामांकन के संबंध में।

Nomination for participation in the intensive Hindi workshop to be organized by the Central Hindi Training Institute, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India, New Delhi-regarding.

उपर्युक्त विषय पर केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त पत्र संख्या 19011/27/2025-केहिप्रसं/अल्प ग. प्रशि./39 से 338 दिनांक 16.01.2026 (प्रतिलिपि संलग्न) जो स्वत: व्याख्यात्मक है, के द्वारा आयोजित किए जाने वाले गहन हिंदी कार्यशालाओं, नई दिल्ली में प्रतिभागिता हेतु पत्र में उल्लिखित पात्रता के अनुसार इस कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों (कार्यसाधक/ प्रवीणता) से नामांकन आमंत्रित किए गए है।

अत: उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु इच्छुक अधिकारीगण/ कर्मचारीगण (कार्यसाधक/ प्रवीणता) कार्यशाला क्रमांक एवं प्रशिक्षण की अवधि (अनुलग्नक I) इंगित करते हुए विधिवत रूप से भरा हुआ संलग्न निर्धारित प्रशिक्षण संबंधी अनुलग्नक III प्रपत्र, दिनांक **27.02.2026** तक राजभाषा अनुभाग (लेखापरीक्षा-1) को प्रेषित करें।

अग्रेतर उल्लेख करना है कि उपर्युक्त गहन हिंदी कार्यशाला में उन पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने ऐसे गहन हिंदी कार्यशालाओं में अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

On the subject cited above, kindly find herewith enclosed copy of Central Hindi Training Institute, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India letter No. 19011/27/2025- केहिप्रसं/अल्प ग. प्रशि./39 to 338 dated 16.01.2026 which is self-explanatory, wherein nomination has been invited for participation in the intensive Hindi workshops in New Delhi to be organized by the Central Hindi Training Institute, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India from the eligible Officers/Officials having working knowledge of Hindi/ proficient in Hindi of this office.

Hence, the willing Officers/Officials having working knowledge of Hindi/ proficient in Hindi may send their duly filled in enclosed training form (Annexure- III) indicating workshop Sl. No. and period of training as per enclosed Annexure I to the Rajbhasha Section (Audit-1) latest by **27.02.2026** for the participation in the above mentioned training.

Further, it is to be mentioned here that in the above mentioned Intensive Hindi Workshop, preference will be given to those eligible officers/employees who have not yet received training in such Intensive Hindi Workshops.

हस्ता./-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

Sr. Deputy Accountant General (Admn)

ज्ञापन संख्या/ Memo No.

सं./राजभाषा अनुभाग/57/हिं.शि.यो./2025/540 दिनांक/ Date:23.02.2026

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित

Copy forwarded for information and necessary action.

1- सचिव, महालेखाकार ( लेखापरीक्षा-I) ओडिशा, भुवनेश्वर/
The Secretary to AG (Audit-I), Odisha Bhubaneswar

2- निजी सहायक, वरिष्ठ उप महालेखाकार, प्रशासन/ ए.एम.जी. V
PA to Sr. DAG, Admn,/ AMG V

3- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. I/ PA to DAG, AMG I

4- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. II/ PA to DAG, AMG II

5- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. III/ PA to DAG, AMG III

6- निजी सहायक, उप महालेखाकार, ए.एम.जी. IV/ PA to DAG, AMG IV

7- नियत्रंणाधिकारी / शाखा अधिकारी/ Branch Officer -
सभी शाखाधिकारियों से अनुरोध है कि परिपत्र में निहित अंतर्वस्तु को अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लायें।
All the Branch Officers are requested to kindly bring the content of this circular to the notice of all the Officers/ employees working under their control.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ए.एम.जी.- I / AMG-I | ए.एम.जी.- II / AMG-II | ए.एम.जी.-III / AMG-III | ए.एम.जी.-IV / AMG-IV | ए.एम.जी.- V AMG-V | ओ.एम. I OM-I |
| सम्पदा/ Estate | ओ.ई. O.E. | प्र0 एवं परीक्षा/ Training & Exam | प्रशासन / Admin. | विधिक/ Legal | रिपोर्ट/ Report |
| रिपोर्ट पी.ए.सी. Report PAC | ई.सी.पी.ए. ECPA | सचिवालय/ Secretariat | कल्याण / Welfare | डी.ए. एवं आर.सी/ DA&RC | ओ.एम. II OM-II |
| आई.टी.ए/ ITA | | ई.डी.पी/ EDP Cell | | | |

8- सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, डी.ए. एवं आर.सी से अनुरोध है कि कृपया इस परिपत्र को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।
The Assistant Audit Officer i/c DA&RC is requested to kindly upload this circular to the office's website.

9- प्रशासन अनुभाग, परिपत्र/ ओओसी गार्ड फाइल/ Admn Section, Circular/ OOC Guard File.

10- राजभाषा अनुभाग, परिपत्र/ ओओसी गार्ड फाइल/ Rajbhasha Section, Circular/ OOC Guard File.

11- सूचना पट्ट /Notice Board

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/ राजभाषा अनुभाग 23/02/26
Sr. Audit Officer/ Rajbhasha Section

Gmail The ACCOUNTANT GENERAL AU-I ODISHA BBSR HindiCell <hindicellgssa@gmail.com>

# Fwd: गहन हिंदी कार्यशाला, अभिमुखी कार्यक्रम, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के परिपत्र का प्रेघण

1 message

**PAG Audit I Bhubaneswar** <agauorissa1@cag.gov.in> Mon, Feb 9, 2026 at 3:40 PM
To: Bharat Chandra Behera <beherabc@cag.gov.in>
Cc: UPENDRANATHDAS AO <dasu.odi.sca@cag.gov.in>, hindicellgssa <hindicellgssa@gmail.com>

राजभाषा अनुभाग (लेखापरीक्षा-I) / Rajbhasha Section (Audit-I)
आवक सं / Inward Dy. No. 747
दिनांक 11.02.2026

============ Forwarded message ============
From: chti workshop <workshopchti@gmail.com>
To: <agauorissa1@cag.gov.in>
Date: Mon, 09 Feb 2026 14:07:48 +0530
Subject: गहन हिंदी कार्यशाला, अभिमुखी कार्यक्रम, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के परिपत्र का प्रेघण
============ Forwarded message ============

महोदय,
कृपया संलग्नक देखें।

सादर।

भवदीय

(कार्यशाला एकक)

**3 attachments**

**कार्याशाला 2026 हिंदी.pdf**
10019K

**अभिमुखी हिंदी 2026.pdf**
7162K

**प्रशिक्षकों का प्रशि० 2026 हिंदी.pdf**
7079K

सं.19011/27/2026-केहिप्रसं/अल्प.म.प्रशि /39 से 338

भारत सरकार

**GOVERNMENT OF INDIA**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE**

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

**CENTRAL HINDI TRAINING INSTITUTE**

दूरभाष: 011-20843029

दिनांक: 16/01/2026

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय
2. विभागाध्यक्ष, सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठान/उपक्रम/निगम/उद्यम/स्वायत्तशासी एवं सांविधिक निकाय/राष्ट्रीयकृत बैंक आदि
3. राजभाषा सेवा से संबद्ध सभी अधिकारी

**विषय: संघ सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा उनके नियंत्रणाधीन संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों/सांविधिक निकायों/निगमों/उद्यमों/अभिकरणों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि के कार्यालयों के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए कैलेंडर वर्ष-2026 के दौरान केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित गहन हिंदी कार्यशालाओं के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सांविधिक निकायों/निगमों/उद्यमों/अभिकरणों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि के कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए प्रति वर्ष गहन हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं में उपरोक्त सभी कार्यालयों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को नामित किया जा सकता है।

वर्ष- 2026 के दौरान आयोजित की जानेवाली गहन हिंदी कार्यशालाओं का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है, ताकि सभी संबंधित कार्यालय अपने कार्यालय में सेवारत अधिकारियों/ कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संपूर्ण वर्ष के लिए इन कार्यशालाओं में नामित कर सकें।

**<u>प्रशिक्षण संबंधी संक्षिप्त विवरण</u>**

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | उद्देश्य | अवधि | भारत सरकार के नियंत्रणाधीन कार्यालय जिनके लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गहन हिंदी कार्यशाला | 1. विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में सरकारी कार्य करने हेतु अभिप्रेरित करना<br>2. विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने की झिझक को दूर करना<br>3. कार्यालयीन कार्य में दक्षता (लेखन-कौशल) प्रदान करना<br>4. राजभाषा विभाग द्वारा विकसित यांत्रिक उपकरणों/सॉफ़्टवेयरों की जानकारी प्रदान करना | 05 (पाँच) पूर्ण कार्य दिवस | संघ सरकार के मंत्रालयों/ विभागों तथा उनके नियंत्रणाधीन संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सांविधिक निकायों/ निगमों/ उद्यमों/ अभिकरणों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि के अधिकारी/ कर्मचारी |

2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली-110011/2-A, Prithvi Raj Road, New Delhi-110011 फैक्स/Fax : 011-23018740
ईमेल/e-mail : dirchti-dol@nic.in/वेबसाइट/Website : www.chti.rajbhasha.gov.in.

**पात्रता:**

- राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए सभी कार्यालयों को निदेश दिया गया है कि उन सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को कार्यालयीन हिंदी का प्रशिक्षण दिया जाए, जिन्हें हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान या प्रवीणता प्राप्त है । (कार्यसाधक ज्ञान एवं प्रवीणता की परिभाषा टिप्पणी 1 व 2 में दी गई है।)
- जिन हिंदीतर भाषा-भाषी अधिकारियों/ कर्मचारियों ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण के बाद कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, परंतु इसके बावजूद भी उन्हें हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए कठिनाई होती है, उन्हें इन कार्यशालाओं में नामित किया जा सकता है।
- प्रवेश की पुष्टि प्रदान करते समय, उन अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने अभी तक केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गहन हिंदी कार्यशालाओं में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है ।

**टिप्पणी-1- कार्यसाधक ज्ञान:** यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी ने

- मेट्रिक परीक्षा या उससे उच्चतर परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण की है; या
- केंद्र सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित प्राज्ञ अथवा सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदों के संबंध में उस योजना के अंतर्गत विनिर्दिष्ट वांछित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; या
- केंद्र सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की है; या
- राजभाषा नियमों में उपाबद्ध प्रारूप में यह घोषणा की जाती है कि संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी ने कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है; तो उनके बारे में यह समझा जाएगा कि उन्होंने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

**टिप्पणी-2- प्रवीणता:** यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी ने-

- मेट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर परीक्षा हिंदी के माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है; या
- स्नातक परीक्षा अथवा उसकी समतुल्य अथवा उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी वैकल्पिक विषय के रूप में लिया है; या
- राजभाषा नियमों में उपाबद्ध प्रारूप में यह घोषणा की जाती है कि संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी ने प्रवीणता प्राप्त कर ली है; तो उनके बारे में यह समझा जाएगा कि उन्होंने हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है ।

**नामांकन की प्रक्रिया:**

- उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए नामित किए जाने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों का विवरण अनुलग्नक -III में दिए गए प्रपत्र में भरकर यथा समय इस कार्यालय को डाक द्वारा भिजवाएं; ताकि प्रगामी पत्राचार में कोई असुविधा न हो ।
- नामांकन की प्राप्ति के बाद, इस कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण से पूर्व यथासमय नामांकन की पुष्टि ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।
- इस कार्यालय से पुष्टि-पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही संबंधित कार्यालय द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यमुक्त किया जाए ।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम का विनिर्धारित कार्य समय सुबह 09.30 बजे से सायं 06.00 बजे तक है ।

**प्रशिक्षण केंद्र का पता:** अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण एकक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, (जम्मू व कश्मीर हाउस के सामने/ राजस्थान हाउस के पास), नई दिल्ली-110011.

**विशेष सूचना:**

- गहन हिंदी कार्यशालाओं का वार्षिक कैलेंडर अनुलग्नक-I में दिया गया है।
- सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/निगमों/उद्यमों/बैंकों आदि के प्रशासनिक प्रमुखों से अनुरोध है कि वे सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/इकाइयों/शाखाओं को परिचालित करवाने की व्यवस्था करवाएं।
- इस कार्यक्रम के लिए नामित प्रतिभागियों को नियमानुसार देय यात्रा/दैनिक भत्ता, संबंधित कार्यालय/संगठन द्वारा वहन किया जाएगा।
- कृपया यह सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की पुष्टि इस कार्यालय द्वारा दी जाती है, उन्हें अविलंब कार्यमुक्त किया गया है। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को कार्यमुक्त करना संभव न हो, तो किसी अन्य अधिकारी/कर्मचारी को उनके स्थान पर नामित करना सुनिश्चित करें।
- प्रशिक्षण की समाप्ति पर इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को कार्यमुक्त करते हुए प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।
- **प्रशिक्षण केंद्र पर सीमित संख्या में सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए नामांकन प्राप्त होने पर प्रशिक्षार्थी को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।**
- **प्रायोजक अधिकारी एवं नामितकर्ता अधिकारी बिना हमसे पुष्टि प्राप्त किए अपने कार्मिक को प्रशिक्षण के लिए कार्यमुक्त न करें।**
- प्रशिक्षण से संबंधित अन्य किसी भी अपेक्षित जानकारी के लिए कृपया अनुलग्नक-II देखें, जिसमें इस कार्यालय के अधिकारियों से संबद्ध संपर्क सूत्र, प्रशिक्षण केंद्र एवं हॉस्टल का पता तथा बस रूट/निकटतम मेट्रो स्टेशन का विवरण आदि दिया गया है।

भवदीय,

(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)
निदेशक

पृष्ठांकन सं.- 19011/27/2026-केहिप्रसं/अल्प. ग. प्रशि./ 331-338 दिनांक: 16/01/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. संयुक्त सचिव के निजी सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन. डी. सी. सी -II भवन, चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली ।
2. संपादक, राजभाषा भारती, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन. डी. सी. सी -II भवन, चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली ।
3. उप निदेशक (हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि) एवं कार्यालयाध्यक्ष केंहिंप्रसं।
4. सभी क्षेत्रीय उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना ।
5. सभी क्षेत्रीय उप निदेशक (कार्यान्वयन) को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ।
6. उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली ।
7. उप निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, हैदराबाद एवं बेंगलूरु ।
8. उप निदेशक (भाषा), अनुसंधान एवं विश्लेषण एकक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, सातवाँ तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, नई दिल्ली ।

9. सहायक निदेशक (टेक्ना/अनुलिपि), अनुसंधान एवं विश्लेषण एकक, सातवाँ तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, नई दिल्ली को राजभाषा विभाग के पोर्टल/ वेबसाइट पर इस पत्र को उपलब्ध कराने के निदेश के साथ ।
10. सहायक निदेशक (मुख्यालय), हिंदी शिक्षण योजना, सातवाँ तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, नई दिल्ली ।

भवदीय,

(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)
निदेशक

अनुलग्नक - II

संपर्क विवरण

| |
|---|
| प्रभारी,<br>अल्पकालिक गहन हिंदी प्रशिक्षण एकक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली- 110011<br>दूरभाष: - 011- 20843029<br>9582854331<br>9811017886<br>9998983445<br>ई-मेल: workshopchti@gmail.com<br>chti1232@nic.in<br>chti1282-dol@nic.in<br>chti1153@nic.in |

**प्रशिक्षण केंद्र/ हॉस्टल का नाम, पता एवं उसके बस रूट तथा निकटतम मेट्रो स्टेशन संबंधी विवरण**

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षण केंद्र का नाम व पता:<br>अल्पकालिक गहन हिंदी प्रशिक्षण एकक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली- 110011<br>दूरभाष: - 9582854331<br>बस रूट: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से संघ लोक सेवा आयोग तक- 181, 450<br>पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से पृथ्वीराज रोड तक - 502<br>1. रा. बस अड्डा से पृथ्वीराज रोड तक - 501, 503, 533 & 621<br>निकटतम मेट्रो स्टेशन : - खान मार्किट | |
| **हॉस्टल-1 का पता एवं बस रूट** | **हॉस्टल-2 का पता एवं बस रूट** |
| छात्रावास वार्डन/ केयर टेकर - श्री मनोज द्विवेदी, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, फ़्लैट नं. 2, तीसरा तल, सरकारी हॉस्टल, खालसा ईवनिंग कॉलेज के सामने, देव नगर, करोल बाग, नई दिल्ली-110005<br>दूरभाष:- 7498212777<br>**बस रूट :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से खालसा कॉलेज- 181; पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से लिबर्टी सिनेमा - 926; हॉस्टल से संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहाँ रोड/पृथ्वीराज रोड तक- 450,181 निकटतम मेट्रो स्टेशन- करोल बाग | छात्रावास वार्डन/ केयर टेकर- श्री एम. एस. चौहान, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, फ़्लैट नं. 876 से 890 तक, पुष्प विहार, सेक्टर-7, शनि मंदिर के पास, नई दिल्ली- 110017.<br>दूरभाष: 9968315384<br>**बस रूट :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आर. के. आश्रम से - 521,522; पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से - 419- निकटतम बस स्टॉप - लोदी गार्डन<br>निकटतम मेट्रो स्टेशन- चिराग दिल्ली |

अनुलग्नक - I

## प्रशिक्षण कार्यक्रम कैलेंडर - वर्ष- 2026
## गहन हिंदी कार्यशालाएँ
(पाँच पूर्ण कार्य दिवसीय)

| क्र. सं. | कार्यशाला क्रमांक | प्रशिक्षण की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | 555 | 09.03.2026 से 13.03.2026 तक |
| 2. | 556 | 01.06.2026 से 05.06.2026 तक |
| 3. | 557 | 21.09.2026 से 25.09.2026 तक |

अनुलग्नक -III

**प्रशिक्षण संबंधी प्रपत्र**

| अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | मातृभाषा | वर्तमान तैनाती स्थल | शैक्षिक/ तकनीकी योग्यता | हिंदी का ज्ञान | टेलीफोन नं (कार्यालय)/मोबाइल नं. | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

प्रायोजक अधिकारी के हस्ताक्षर : ..........................................
नाम एवं पदनाम : ..........................................
कार्यालय का संपूर्ण पता : ..........................................
..........................................
..........................................

दूरभाष सं. : ....................
ई-मेल आई डी : ..................................